प्रादेशिक समाचार

दिनांक–18.05.2024 (दोपहर–1455 बजे)

राज्य में लोकसभा चुनाव के तहत होने वाले पांचवें चरण के लिए चतरा, कोडरमा और हजारीबाग लोकसभा सीट तथा गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए चल रहे चुनाव प्रचार का शोर आज शाम पांच बजे थम जाएगा। इन सभी सीटों के लिए बीस मई को सवेरे सात बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाले जाएंगे। इस चरण में 54 प्रत्याशी मैदान में अपनी चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं। इसमें चतरा से 22, कोडरमा से 15 और हजारीबाग से 17 उम्मीदवार हैं। इन तीन सीटों के लिए होनेवाले चुनाव को लेकर सुदूर इलाकों में अवस्थित मतदान केंद्रों के लिए मतदान सामग्रियों के साथ पोलिंग पार्टियों को आज से ही पूरी सुरक्षा के साथ रवाना किया जा रहा है। चतरा जिले के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रमेश घोलप ने बताया कि चतरा में आज 32 संवेदनशीला बूथों के मतदान कर्मियों, पुलिस दलों को रवाना किया गया।

****

झारखंड हाई कोर्ट से राजकीय विश्वविद्यालय के शिक्षकों की प्रोन्नति मामले में आज बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान शिक्षकों की प्रोन्नति से संबंधित यूजीसी के वर्ष 2010 के रेगुलेशन के तहत झारखंड सरकार द्वारा बनाए गए परिनियम के क्लॉज–तीन की शर्त को कानून सम्मत नहीं बताते हुए खारिज कर दिया। साथ ही कोर्ट ने आदेश दिया कि सभी विश्वविद्यालयों के शिक्षकों को इस परिनियम के तहत देय वित्तीय लाभ नियत तिथि से देय होगा, जिस तिथि को वह उस लाभ के हकदार होते हैं।

****

झारखंड हाई कोर्ट में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित इंडो डेनिश टूल रूम, जमशेदपुर के पूर्व डीजीएम आशुतोष कुमार, उनकी पत्नी और रिश्तेदार केशव वत्स की अग्रिम जमानत याचिका पर आज सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए अगली सुनवाई की तिथि 14 जून निर्धारित की है। ईडी ने सीबीआई के दर्ज केस के अनुसंधान में आशुतोष कुमार एवं अन्य पर मनी लॉन्ड्रिंग करने का मामला पाया है। इसके बाद पीएमएलए एक्ट में केस दर्ज किया गया। साथ ही पीएमएल एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत आशुतोष कुमार, उनकी पत्नी चयनिका कुमारी एवं रिश्तेदार केशव वत्स को मामले में आरोपी बनाया है।

****

मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर आलम की रिमांड अवधि समाप्त होने पर आज रांची स्थित ईडी कोर्ट में पेश किया गया। ईडी ने पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए फिर से तीन दिनों की रिमांड मांगी। इस पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने तीन दिनों की रिमांड की मंजूरी दे दी।

****

कोडरमा लोकसभा एवं गांडेय विधानसभा उपचुनाव को लेकर गिरिडीह जिले में मतदान के दिन तंबाकू उत्पादों के सेवन पर रोक लगा दी गई है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

जमशेदपुर के बर्मामाइंस स्थित लकड़ी गोदाम और वर्कशॉप में आज सुबह छह बजे के करीब आग लगने से अफरा तफरी मच गयी। दो दमकल वाहन से आग बुझाने का प्रयास जारी है। लक्ष्मी टिंबर के मालिक ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी. आग लगने की सूचना स्थानीय लोगों ने उन्हें दी. इसके पश्चात दमकल विभाग को आग लगने की सूचना दी गयी. फिलहाल आग पर काबू पाने की कोशिश जारी है।

****

आज राज्य के पूर्वी, दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ हल्के दर्जे की बारिश होने की संभावना है। भीषण गर्मी को देखते हुए कल से तीन दिनों तक के लिए मौसम विभाग की ओर से यलो अलर्ट जारी किया गया है। कल से दो दिनों के लिए गढ़वा, पलामू, देवघर, जामताड़ा, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहेबगंज जिलों में कहीं– कहीं हीट वेव की स्थिति देखी जा सकती है। वहीं राज्य के पूर्वी, दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भागों में कल कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के दर्जे की बारिश होने की संभावना है।

******समाप्त******